भारत सरकार	लोक सभा
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय	अतारांकित प्रश्न सं. 1233
(वाणिज्य विभाग)	

दिनांक 03 दिसंबर,2024 को उत्तर दिये जाने के लिए

बांग्लादेश के साथ आयात एवं निर्यात

1233. श्री दीपक अधिकारी (देव) :

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान बांग्लादेश के साथ आयात और निर्यात की धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) चालू वित्त वर्ष (2024-25) में 31.10.2024 तक आयात और निर्यात की धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) बांग्लादेश के साथ आयात और निर्यात की जाने वाली शीर्ष पांच वस्तुओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) और (ख) विगत 5 वर्षों के दौरान तथा चालू वित्त वर्ष (2024-2025) के लिए 31.10.2024 तक बांग्लादेश के साथ आयात और निर्यात का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

बांग्लादेश के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार (मूल्य मिलियन अमेरिकी डॉलर में)(वित्त वर्ष 2019-25)					
क्र.सं.	वर्ष	निर्यात	आयात	कुल व्यापार	व्यापार संतुलन
1	वित्तीय वर्ष 2019-20	8201	1265	9466	6936
2	वित्त वर्ष 2020-21	9692	1092	10784	8600
3	वित्त वर्ष 2021-22	16130	1977	18107	14153
4	वित्त वर्ष 2022-23	12203	2021	14224	10182
5	वित्त वर्ष 2023-24	11065	1844	12909	9221
6	वित्त वर्ष (2024-25) (अप्रैल-अक्टूबर)	6219.28	1169.99	7389.27	5049.29

स्रोत: डीजीसीआईएस

(ग) बांग्लादेश के साथ आयात और निर्यात की जाने वाली शीर्ष पांच वस्तुओं का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

बांग्लादेश को भारत के शीर्ष 5 निर्यातों का विवरण (मूल्य मिलियन अमेरिकी डॉलर में)			
क्र. सं.	एचएस कोड	वस्तु	अप्रैल-अक्टूबर 2024 के दौरान भारत द्वारा बांग्लादेश को किया गया पण्यवस्तु निर्यात
1	52	कपास	1520.04
2	27	खनिज ईंधन, खनिज तेल और उनके डिस्टिलेशन के उत्पाद; बिटुमिनस पदार्थ; खनिज मोम	1173.67
3	87	रेलवे या ट्रामवे रोलिंग स्टॉक के अलावा अन्य वाहन, तथा उनके पुर्जे और सहायक उपकरण	361.10
4	84	परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, मशीनरी और यांत्रिक उपकरण; उनके पार्ट्स	292.24
5	23	खाद्य उद्योगों से अवशेष और अपशिष्ट; तैयार पशु चारा	253.21

स्रोत: डीजीसीआईएस

बांग्लादेश से भारत के शीर्ष 5 आयातों का विवरण (मूल्य मिलियन अमेरिकी डॉलर में)			
क्र. सं.	एचएस कोड	माल	अप्रैल-अक्टूबर 2024 के दौरान भारत द्वारा बांग्लादेश को किया गया पण्यवस्तु निर्यात
1	62	अपैरल और वस्त्र सहायक सामग्री, बुने हुए या क्रोशिए से नहीं बने हुए।	262.99
2	61	परिधान और वस्त्र सहायक उपकरण, बुना हुआ अथवा क्रोशिए से बुना हुआ।	141.66
3	53	अन्य वनस्पति वस्त्र फाइबर; पेपर यार्न और पेपर यार्न से बुने हुए कपड़े	106.73
4	63	अन्य मेड अप वस्त्र सामग्री; सेट; पहने जाने वाले कपड़े और पहने जाने वाले वस्त्र सामग्री; रैग्स	79.04
5	15	पशु या वनस्पति वसा और तेल और उनके क्लीवेज उत्पाद; तैयार खाद्य वसा; पशु या वनस्पति मोम	68.53

स्रोत: डीजीसीआईएस

****